G20 भारत 2023 INDIA

विद्या ददाति विनयं

आज़ादी का अमृत महोत्सव

# सर छोटूराम राजकीय महिला महाविद्यालय

"ऋते ज्ञानात् न मुक्तिः"

सॉँपला ( रोहतक )

# वार्षिक प्रतिवेदन

## सत्र: 2022-23

## वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह

दिनाँक : 27 अप्रैल, 2023

मुख्य अतिथि : डॉ. नीलम धुन्ना ( सेवानिवृत प्राचार्या )

राजकीय महाविद्यालय, दुबलधन ( झज्जर )

प्रस्तुतकर्ता : डॉ० इंदु रोहिल्ला

एच.ई.एस–1

प्राचार्या

## महाविद्यालय का संक्षिप्त परिचय

सांपला खण्ड की वर्षों से लम्बित महिला महाविद्यालय की मांग को ध्यान में रखते हुए हरियाणा सरकार ने 19 सितम्बर, 2000 को सर छोटूराम राजकीय महिला महाविद्यालय खोलने की अनुमति देकर इस इलाके को कृतार्थ किया था। 3 अक्टूबर, 2000 से इस महाविद्यालय का प्रथम सत्र प्रारम्भ हुआ। यह महाविद्यालय किसान, निर्धन व पिछड़े वर्ग के मसीहा सर छोटूराम की पावन जन्मभूमि गढ़ी सांपला में स्थित है तथा इस खण्ड के गांवों की लड़कियों के बौद्धिक, शारीरिक व मानसिक विकास की दिशा में महाविद्यालय महत्वपूर्ण योगदान दे रहा है। यह महाविद्यालय 34 छात्राओं के प्रवेश से प्रारम्भ होकर विद्यार्थियों की संख्या में निरंतर वृद्धि कर रहा है। महाविद्यालय में अब छात्राओं की संख्या 1362 हो गई है। इससे यह तथ्य भी उद्घाटित होता है कि हरियाणा सरकार की महिला महाविद्यालय विकास एवं शिक्षा की नीति के अनुरूप ही यह महाविद्यालय प्रगति पथ पर अग्रसर हो रहा है और सांपला खण्ड में स्थित गाँवों की लड़कियों की उच्च शिक्षा प्राप्त करने की अभिलाषा को पूर्ण कर रहा है।

हम सब के लिए यह हर्ष का विषय है कि हमारी प्राचार्या माननीय डॉ० श्रीमती इन्दू रोहिल्ला, जिनका परिचय देना उतना ही असम्भव है जितना की सागर की अथाह गहराईयों को छूना, ने महाविद्यालय को बुलंदियों तक पहुँचाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है।

## महाविद्यालय परिवार

वर्तमान सत्र में इस महाविद्यालय में कुल 1362 छात्राएँ हैं जो कला, वाणिज्य एवं विज्ञान संकाय में शिक्षा अर्जित कर रहीं हैं। सभी संकायों की कक्षाएँ नियमित रूप से लग रही हैं।

## शैक्षणिक एवं गैर शैक्षणिक स्टाफ

| | | |
|---|---|---|
| 1. | डॉ० इंदू रोहिल्ला | : प्राचार्या |
| 2. | डॉ० चन्द्रशेखर | : प्राध्यापक, इतिहास विभाग (एसोसिएट प्रोफेसर) |
| 3. | डॉ० सुनील चौहान | : प्राध्यापिका, अंग्रेजी विभाग (एसोसिएट प्रोफेसर) |
| 4. | श्री रामनिवास | : प्राध्यापक, इतिहास विभाग (एसोसिएट प्रोफेसर) |
| 5. | श्री अशोक कुमार | : प्राध्यापक, इतिहास विभाग (एसोसिएट प्रोफेसर) |
| 6. | श्री मांगे राम | : प्राध्यापक, शारीरिक शिक्षा विभाग (एसोसिएट प्रोफेसर) |
| 7. | डॉ० प्रीतम श्योराण | : प्राध्यापक, अंग्रेजी विभाग(एसीसटेंट प्रोफेसर) |
| 8. | डॉ० रीतू | : प्राध्यापिका, वाणिज्य विभाग (एसिसटेंट प्रोफेसर) |
| 9. | डॉ० पदमा दलाल | : प्राध्यापिका, भूगोल विभाग (एसिसटेंट प्रोफेसर) |
| 10. | श्री सतीश कुमार | : प्राध्यापक, गणित विभाग (एसोसिएट प्रोफेसर) |
| 11. | डॉ० अनिल कुमार | : प्राध्यापक, गणित विभाग (एसिसटेंट प्रोफेसर) |
| 12. | श्रीमती सविता हुड्डा | : प्राध्यापिका, हिन्दी विभाग (एसिसटेंट प्रोफेसर) |
| 13. | कु० ममता | : प्राध्यापिका, वाणिज्य विभाग (एसोसिएट प्रोफेसर) |
| 14. | डॉ० मीनाक्षी | : प्राध्यापिका, गणित विभाग (एसिसटेंट प्रोफेसर) |
| 15. | श्रीमती सपना | : प्राध्यापिका, राजनीति विज्ञान विभाग (एसिसटेंट प्रोफेसर) |
| 16. | श्रीमती मोनिका | : प्राध्यापिका, रसायन शास्त्र विभाग (एसिसटेंट प्रोफेसर) |

17. श्री कृष्ण कुमार : प्राध्यापक, रसायन शास्त्र विभाग (एसिसटेंट प्रोफेसर)
18. श्रीमती रीतू : प्राध्यापिका, भूगोल विभाग (एसिसटेंट प्रोफेसर)
19. श्री सुरेन्द्र : प्राध्यापिका, इतिहास विभाग (एसिसटेंट प्रोफेसर)
20. श्रीमती सीमा रंगा : प्राध्यापिका, रसायन शास्त्र विभाग (एसिसटेंट प्रोफेसर)
21. श्रीमती सुप्रिया : प्राध्यापिका, भूगोल विभाग (एसिसटेंट प्रोफेसर)
22. श्रीमती प्रीति : प्राध्यापिका, भूगोल विभाग (एसिसटेंट प्रोफेसर)
23. श्रीमती अनिता : प्राध्यापिका, हिन्दी विभाग (एसिसटेंट प्रोफेसर)
24. डॉ. पूनम : प्राध्यापिका, अर्थ-शास्त्र विभाग (एसोसिएट प्रोफेसर)
25. डॉ. सोनिया : प्राध्यापिका, वाणिज्य विभाग (एसिसटेंट प्रोफेसर)

## Extension Lecturers

1. डॉ. रेखा : अंग्रेजी विभाग
2. डॉ. रश्मि : अंग्रेजी विभाग
3. डॉ. पंकज : अंग्रेजी विभाग
4. डॉ. इंदू बाला : हिन्दी विभाग
5. डॉ. नीतू कुमारी : हिन्दी विभाग
6. डॉ. यशवन्ती : हिन्दी विभाग
7. डॉ. पूनम : हिन्दी विभाग
8. श्री सतेन्द्र : भूगोल विभाग
9. डॉ. जगबीर : भूगोल विभाग
10. श्रीमती नीलम : भूगोल विभाग
11. श्रीमती संगीता : इतिहास विभाग
12. डॉ. मीना कुमारी : राजनीति विज्ञान विभाग
13. श्री सुरेश : वाणिज्य विभाग
14. श्री परमजीत : भौतिकी विभाग
15. श्री जसवीन्दर : भौतिकी विभाग
16. डॉ. मन्जीत : संस्कृत विभाग

## Non Teaching Staff

श्री सतीश कुमार (उप-अधीक्षक), श्री गुरदीप तथा श्री परविन्द्र (लैब अटैंडंट), श्री राजेश दलाल, श्रीमती सुशीला (जे.एल. ऐ. लाइब्रेरियन), श्री विनोद कुमार (लिपिक), श्री धर्मबीर (सुख सहायक), श्री सुधीर चहल ( सुख सहायक), श्री रमेश कुमार (चौकीदार), श्री राजपाल (चौकीदार)।

## परीक्षा परिणाम

## DETAILS OF UNIVERSITY RESULT 2021-22

| Sr. No. | Class | Total Student | Pass | Fail | College Pass% | University Pass% | Difference |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | B.A. Ist | 336 | 254 | 82 | 75.59 | 30.85 | +44.74 |
| 2. | B.A. 2nd | 292 | 206 | 86 | 70.54 | 43.70 | +26.84 |
| 3. | B.A. 3rd | 307 | 234 | 73 | 76.22 | 53.15 | +23.07 |
| 4. | B.Com.1st | 15 | 14 | 01 | 93.33 | 33.80 | +59.53 |
| 5. | B.Com.2nd | 18 | 14 | 04 | 77.77 | 52.58 | +25.19 |
| 6. | B.Com. 3rd | 26 | 24 | 02 | 92.30 | 55.29 | +37.01 |
| 7. | B.Sc.1st | 38 | 36 | 02 | 94.73 | 43.20 | +51.53 |
| 8. | B.Sc. 2nd | 25 | 23 | 02 | 92.00 | 57.31 | +34.69 |
| 9. | B.Sc. 3rd | 17 | 17 | 00 | 100 | 79.10 | +20.90 |
| 10. | M.A. (P) Hindi | 38 | 36 | 02 | 94.73 | 74.55 | +20.28 |
| 11. | M.A. (F) Hindi | 37 | 25 | 12 | 67.56 | 74.40 | -6.84 |
| 12. | M.A. (P) History | 40 | 33 | 07 | 82.50 | 43.90 | +38.60 |
| 13. | M.A. (F) History | 39 | 35 | 04 | 89.74 | 69.00 | +20.74 |
| 14. | B.A (His. Hons.) | 28 | 20 | 08 | 71.42 | 31.72 | 39.70 |

# परीक्षा परिणाम

## DETAILS OF UNIVERSITY RESULT 2021-22

| Sr. No. | Class | Total Student | Pass | Fail | College Pass% | University Pass% | Difference |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | B.A. Ist | 325 | 219 | 106 | 67.38 | 34.38 | +5 |
| 2. | B.A. 2nd | 295 | 251 | 44 | 85.08 | 54.92 | +30.1 |
| 3. | B.A. 3rd | 295 | 255 | 40 | 86.44 | 54.62 | +31.8 |
| 4. | B.Com.1st | 14 | 13 | 01 | 92.85 | 22.67 | +70.1 |
| 5. | B.Com.2nd | 18 | 17 | 01 | 94.44 | 53.39 | +41.0 |
| 6. | B.Com. 3rd | 26 | 23 | 03 | 88.46 | 60.06 | +28.4 |
| 7. | B.Sc.1st | 34 | 28 | 06 | 82.35 | 43.84 | +38.1 |
| 8. | B.Sc. 2nd | 22 | 20 | 02 | 90.90 | 66.52 | +24.3 |
| 9. | B.Sc. 3rd | 17 | 17 | 00 | 100 | 73.10 | +26 |
| 10. | M.A. (P) Hindi | 37 | 19 | 18 | 51.35 | 73.10 | +26 |
| 11. | M.A. (F) Hindi | 36 | 34 | 02 | 94.44 | 88.22 | +6.2 |
| 12. | M.A. (P) History | 40 | 38 | 02 | 95 | 88.22 | +6.2 |
| 13. | M.A. (F) Hindi | 39 | 38 | 01 | 97.43 | 85.45 | +11.0 |
| 14. | B.A (I)His. Hons. | 28 | 19 | 18 | 35.71 | 22.54 | +13.0 |

## वित्त अनुदेशक

डॉ० चन्द्रशेखर (इतिहास विभाग) महाविद्यालय के वित्त अनुदेशक हैं जो अपने कर्त्तव्य का निर्वहन पूरी निष्ठा व ईमानदारी से कर रहे हैं।

## महाविद्यालय पुस्तकालय

पुस्तकालय शिक्षा व्यवस्था की रीड की हड्डी माना जाता है जिसके माध्यम से प्रत्येक व्यक्ति अपने ज्ञान की पिपासा को शांत कर सकता है। प्रत्येक राष्ट्र की सांस्कृतिक और ज्ञान-विज्ञान के लिए पुस्तकालय की बहुत आवश्यकता है। इस कड़ी में छात्राओं के लक्ष्य और पाठ्य-क्रम की जरूरतों को पूरा करने के लिए महाविद्यालय में पुस्तकालय की एक अहम् भूमिका होती है। इसी भूमिका को सृदृढ़ करने के लिए हमारे पुस्तकालय में छात्राओं के पाठ्यक्रम व उनके उज्ज्वल भविष्य से संबंधित पुस्तकों की प्रचुरता है। यहाँ करीबन 9727 पुस्तकें हैं, जो महाविद्यालय की छात्राओं को उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए पूर्णतया सक्षम बनाती हैं। महाविद्यालय के पुस्तकालय में Book Issue-Return का कार्य पुर्णतया ऑनलाइन/स्वचालित है। जो कि Soul 3.0 सॉफ्टवेयर के माध्यम से संचालित होता है। पुस्तकालय के अन्तर्गत दो अध्ययन करने के लिए अनुकूल वातावरण प्रदान करना है। एक समय पर पुस्तकालय में 150 छात्राएँ बैठ करक अध्ययन कर सकती हैं। छात्राओं के ज्ञान में वृद्धि व प्रतिस्पर्धा की भावना को विकसित करने के लिए उच्चतर शिक्षा निदेशालय द्वारा निर्देशित राष्ट्रीय स्तर की साप्ताहिक व मासिक पत्रिकाएँ उपलब्ध करवाई गई हैं। पुस्तकालय द्वारा INFLIBNET UGC से दो वर्ष के लिए N- LIST सब्सक्रिप्शन और एक वर्ष के लिए ब्रिटिश काउन्सिल इंडिया व नेशनल डिजिटल लाइब्रेरी का सब्सक्रिप्शन लिया गया है। इसके अलावा पुस्तकालय सीसीटीवी कैमरा, वाई-फाई, ए.सी. वाटर डिस्पेंसर आदि सुविधा से लैस है।

## सरकारी अनुदान

महानिदेशक उच्चतर शिक्षा विभाग हरियाणा द्वारा महाविद्यालय को विभिन्न मद (स्पोटर्स, वुमन सैल, प्लेसमेन्ट सैल, लाइब्रेरी, सीखो और कमाओ, साईंस एक्जीबीसन, ड्राईविंग लाइसेंस, पासपोर्ट आदि) में कुल राशि 10,74,400 रुपये सरकारी अनुदान के रूप में प्राप्त हुए जिनमें से महाविद्यालय ने कुल 726292 रुपए इस वर्ष में अलग-अलग मदों में खर्च किया गया।

## कंम्प्यूटर प्रयोगशाला

महाविद्यालय में दो सुव्यव्यस्थित एवं सुसज्जित कंम्प्यूटर प्रयोगशालाएँ हैं जिनमें 70 कम्प्यूटर रखे गए हैं। कुमारी रीतु इस प्रयोगशाला की नोडल अधिकारी हैं। जिनकी देखरेख में दो कम्प्यूटर अनुदेशक श्री आनन्द व श्रीमती प्रियंका और एक लैब अटेंडेंट श्री रवि, पूर्ण लगन एवं ईमानदारी से कम्प्यूटर शिक्षा नियमित रूप से दे रहे हैं। महाविद्यालय की दोनों कम्प्यूटर लैब पूर्णरूप से इंटरनेट, Air Condition व Power Backup की सुविधा से लैस हैं।

## राष्ट्रीय मूल्यांकन एंव प्रत्यायन परिषद् ( NAAC )

श्रीरामनिवास की अध्यक्षता में NAAC कमेटी वर्षभर सक्रिय रही।

## आंतरिक मूल्यांकन गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ (IQAC)

डॉ० श्रीमती सुनील चौहान, प्रभारी IQAC की देखरेख में वर्षभर महाविद्यालय के कार्यों की गुणवत्ता को बढ़ाने हेतु तथा सभी प्राध्यापक/प्राध्यापिकाओं के API Score मूल्याकंन करने बारे यह प्रकोष्ठ सक्रिय रहा है। प्राचार्या महोदया के नेतृत्व में IQAC कमेटी द्वारा महाविद्यालय की AQAR (Annual Quality Assurance Report) NAAC को सौपी गई। IQAC द्वारा सत्र के दौरान 6 बैठक की गई जिनमें विभिन्न विषयों जैसे टाईम टेबल, शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार आदि विषयों पर चर्चा हुई। विभिन्न विभागों द्वारा की जाने वाली गतिविधियों में IQAC वर्ष भर सक्रिय रहा है। IQAC सदस्यों डॉ. अशोक कुमार, श्री सतीश कुमार, डॉ. पदमा दलाल, डॉ. मीनाक्षी, डॉ. रितू, डॉ. अनिल कुमार तथा श्रीकृष्ण कुमार का विभिन्न गतिविधियों में सराहनीय योगदान दिया।

## मैंटर ग्रुप

छात्राओं की पाठ्यक्रम सम्बन्धी समस्याओं के निदान हेतु हर सप्ताह के शनिवार को कक्षाओं के समय में कटौती करते हुए सभी प्राध्यापकों द्वारा Roll No. के अनुसार मैंटर इन्चार्ज डॉ. श्रीमती सुनील चौहान की देखरेख में Mentor Group लगाए जाते हैं तथा पाठ्यक्रम सम्बंधी समस्याओं का निदान महाविद्यालय स्तर पर किया जाता है।

## छात्रवृत्तियाँ एवं अन्य सहायता

प्रभारी श्रीमती सीमा रंगा की देखरेख में हरियाणा सरकार की अनुपालना में वर्तमान सत्र में निम्नलिखित छात्रवृत्तियाँ प्रदान की गई –

| | **Scholarship** | **Students Benefited** | **Amount Per Student** | **Scholarship Status** |
|---|---|---|---|---|
| 1. | Consolidated Stipend Scheme for SC Students | 221 | 12000 | 217 Students received scholarship |
| 2. | Providing Books to SC Students | 221 | 2000 | 217 Students received books |

## राष्ट्रीय कैडेट कोर (NCC)

हमारे विद्यालय की राष्ट्रीय कैडेट कोर शाखा के तत्वाधान में 54 छात्राओं की एक प्लॉटून प्रभारी श्रीमती लैफ्टिडेंट सपना के नेतृत्व में वर्ष भर कार्यरत रही। इस वर्ष महाविद्यालय की 16 Cadets ने B Certificate की परीक्षा दी व 19 Cadet ने C Certificate की परीक्षा दी। वर्षभर Cadets ने स्वच्छता अभियान, रैली, गंणतंत्र एंव स्वतंत्रता दिवस पर परेड में हिस्सा लिया तथा Poster Making Competition आयोजित किया व कार्गिल दिवस मनाया। 2 NCC Cadets कुमारी काफी एंव कुमारी अंजली ने अंबाला में आर्मी कैम्प में भाग लिया।

NCC कैडेटस ने सांपला ब्लॉक स्तर पर आयोजित 75वें स्वतन्त्रता दिवस आयोजन में भाग लिया तथा परेड में प्रथम स्थान प्राप्त कर महाविद्यालय का नाम रोशन किया।

## राष्ट्रीय सेवा योजना (NSS)

NSS प्रभारी डॉ. सविता हुड्डा की देख रेख में 14 जुलाई से 28 जुलाई तक वृक्षारोपण पखवाडा मनाया गया जिसमें 200 पौधे मंगवाये गये तथा NSS Volunteers को वितरित किए गए। 27 सितंबर 2022 को MDU Rohtak में आयोजित एक दिवसीय सेमिनार में 25 NSS Volunteers ने भाग लिया जिसका विषय था Differently Abled Persons के अधिकार। 15 फरवरी 2023 को महर्षि दयानंद सरस्वती की जयंती के अवसर पर 57 NSS Volunteers ने एक दिवसीय सेमीनार में भाग लिया। इसके अतिरिक्त महाविद्यालय में 3 एक दिवसीय शिविर लगाए गए जिसके अंतर्गत खेल प्रांगण, कॉलेज प्रागंण तथा पेड पौधो की सफाई का कार्य किया गया। 20 से 26 फरवरी 2023 तक गढी सांपला में सात दिवसीय शिविर लगाया गया जिसमें नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर, वृक्षारोपण, गांव की साफ सफाई, सूट कटिंग, कढाई, Art Craft Designing, Blood Donation शिविर लगाए गए तथा विभिन्न प्राध्यापकों द्वारा विस्तार व्याख्यान दिया गया।

## महिला प्रकोष्ठ

महिला प्रकोष्ठ के तत्वाधान में छात्राओं के सम्पूर्ण विकास के लिए विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। छात्राओं की प्रतिभा को निखारने के लिए मेंहदी व रंगोली प्रतियोगिता, महिला सशक्तिकरण, स्वास्थय जागरूकता, उधामिता आदि विषयों से सम्बन्धित प्रश्नोत्तरी का आयोजन किया गया। छात्राओं को "International Day to Eliminate Women Violence" पर अरूणिमा सिन्हा की Documentary दिखाई गई तथा दो दिवसीय सेमिनार का आयोजन किया गया। छात्राओं में कला का महत्व बताने के लिए सात दिवसीय हस्तकला वर्कशाप, Self Defence Training, Clay Modelling, Art and Craft Exhibition तथा होली Celebration के अंतर्गत Food Stalls Fest का आयोजन किया गया।

ये सभी गतिविधियाँ महिला प्रकोष्ठ की प्रभारी डॉ. रीतू के दिशा निर्देशन में हुई।

## व्यवसाय एवं व्यक्तित्व विकास प्रकोष्ठ

कुमारी ममता के दिशा निर्देशन में Reliance Nippon Insurance Company Pvt. Ltd. द्वारा रोजगार प्रकोष्ठ के अन्तगर्त साक्षात्कार सत्र का आयोजन किया गया जिसमें 10 छात्रों को Further Proceeding के

लिए चुना गया। इन्होने ''Stress Management in Choosing Carrier '' विषय पर विस्तृत व्याख्यान तथा PT. NRS College, Rohtak द्वारा आयोजित रोजगार मेले में 9 छात्राओं ने भाग लिया। Bombay Stock Exchange द्वारा रोजगार प्रकोष्ठ में विस्तृत व्याख्यान का आयोजन किया गया। इसके अतिरिक्त 6 दिवसीय ''Soft Skill Development Programme'' का आयोजन भी किया गया।

## विद्यार्थी शिकायत निवारण एवं यौन उत्पीड़न निवारण समिति

छात्राओं की शिकायत के निवारण हेतु प्राचार्या द्वारा महाविद्यालय में विद्यार्थी शिकायत निवारण समिति तथा यौन-उत्पीड़न निवारण समिति गठित की गई है। जिसकी प्रभारी कुमारी रितु (ज्योग्राफी विभाग) द्वारा समय-समय पर छात्राओं की समस्याओं का निदान किया गया है।

### YOUTH RED CROSS

YRC के अन्तर्गत छात्राओं ने हर घर तिरंगा रैली में भाग लिया गया तथा Poster Making, Slogan Writing, Winter cloth distribution व Cleaniness Drive आदि Activities का आयोजन किया गया YRC के अन्तगर्त श्रीमती सुप्रिया ढुल के नेतृत्व में पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें YRC Volunteers व अन्य Staff Members ने College Campus में पौधे लगाए।

### RED RIBBON CLUB

श्रीमती प्रिती के नेतृत्व में RRC द्वारा Mask Painting, Nail Art तथा Pot Making Competition का आयोजन किया गया तथा मुख्य अतिथि सिविल सर्जन रोहतक द्वारा विजेता छात्राओं को पुरस्कार वितरित किये गए।

### EARN WHILE YOU LEARN

महाविद्यालय में एक कल्याणकारी योजना "Earn While You Learn Scheme" का उद्देश्य छात्राओं में स्वावलम्बन की भावना को विकसित करना है। इस योजना के तहत 20 छात्राओं को प्रभारी श्रीमती अनिता, प्राध्यापिका हिन्दी की देखरेख में लाइब्रेरी, कार्यालय, भूगोल प्रयोगशाला, रसायन प्रयोगशाला, भौतिकी प्रयोगशाला, कम्प्यूटर लैब आदि में कार्य दिया गया तथा बी.ए. Final Year की 83 छात्राओं की पासपोर्ट चालान फीस भरी गई।

### TRAFFIC INTERPRETATION CENTER

ट्रैफिक इन्टरप्रेटेशन सैंटर के अन्तर्गत सडक सुरक्षा सप्ताह, पोस्टर मेकिंग, स्लोगन राइटिंग, रैली, निबन्ध लेखन, विस्तार व्याख्यान, ट्रैफिक सिग्नल से संबधिंत विडियों एंव भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जागरूकता अभियान के दौरान छात्राओं ने सांपला गांव में रैली निकालकर लोगो को जागरूक किया।

## सांस्कृतिक गतिविधियाँ

प्रभारी श्रीमती सपना के नेतृत्व में Talent Search Competiton का आयोजन किया । महाविद्यालय की छात्राओं ने MDU रोहतक द्वारा आयोजित Youth Festival में विभिन्न गतिविधियों में भाग लिया तथा **संस्कृत श्लोक उच्चारण में प्रथम** तथा Inter Zonal Level पर **द्वितिय स्थान** प्राप्त किया। छात्राओं ने सांपला ब्लॉक स्तर पर आयोजित 75वें स्वतंत्रता दिवस के आयोजन में ग्रुप डाँस में हिस्सा लिया तथा महाविद्यालय के गौरव को बढ़ाया।

## Legal Literacy Cell

छात्राओं में कानूनी जागरूकता व साक्षरता फैलाने के लिए Legal Literacy Cell के अंतगर्त महाविद्यालय में समय समय पर अनेक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। Human Rights, Women Empowerment, RTI आदि विषयों पर Poster Making, Essay Writing, Slogan Writing आदि प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। "General Awareness and Protection of Women from Domestic Violence" विषय पर विस्तार व्याख्यान आयोजित किया गया। महाविद्यालय की BA II की छात्रा ज्योति ने निबंधलेखन प्रतियोगिता जिला स्तरीय में प्रथम स्थान प्राप्त किया, मण्डल स्तरीय प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान प्राप्त किया व आगामी राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए भी चयनित है।

## साईंस एगजीबीशन रिपोर्ट

दिनांक 30 नवम्बर, 2022 को महाविद्यालय के रसायन विभाग ने श्री कृष्ण कुमार तथा डॉ. पदमा दलाल के नेतृत्व में Intercollege District Level नेतृत्व में Science Exhibition का आयोजन किया जिसे Department Higher Education के द्वारा Sponsor किया गया। मुख्या अतिथि श्री प्रोफेसर राजबीर सिंह ने Exhibition का उद्घाटन किया जिसमें 80 टीमों ने भाग लिया। MDU, Rohtak के विभिन्न विभागों के प्रोफेसरस ने निर्णायक मण्डल की भूमिका निभाई। हमारे महाविद्यालय की छात्राओं ने प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया।

## वार्षिक खेलकूद रिपोर्ट

डॉ. माँगेराम के नेतृत्व में सर छोटू राम राजकीय महिला महाविद्यालय सांपला की छात्राओं ने MDU Rohtak द्वारा आयोजित ''Inter Collage Boxing Championship'' में 3 Gold व Silver Medal प्राप्त किये। दो छात्राओं ने ''All India Boxing Championship'' में भाग लिया। कुमारी हिमांशी B.A (IInd Year) ने Gold Medal प्राप्त किया तथा Maharani Kishori Jat Kanya Mahavidhyalya, Rohtak में Haryana State Judo Inter college Tournament में Bronze Medal प्राप्त किया। Grappling Inter College Tournament में महाविद्यालय की छात्राओं ने 3 Silver व 3 Bronze Medal प्राप्त किये तथा G.C. Sampla में आयोजित Haryana State Wrestling Inter College में Bronze Medal प्राप्त किया। महाविद्यालय की छात्राओं ने ''All India Inter University Crapping Championship'' Bhopal Unierversity में Crapping में Gold Medal प्राप्त किया। 14 फरवरी 2023 को वार्षिक खेल-कूद प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। जिसमें निकिता (M.A. Hindi) को Best Athlete घोषित किया गया।

### विभागीय/परिषद् गतिविधियाँ

अंग्रजी साहित्य परिषद् द्वारा डॉ. सुनील चौहान के नेतृत्व में Essay Writing Competition, Paper Reading Competiton, Quiz Competition तथा Literary Fest के अन्तर्गत छात्रओं के सामूहिक विकास हेतू विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया तथा विजेता छात्राओं कों पुरस्कार तथा Certificate वितरित किये गये।

हिन्दीं साहित्य परिषद् द्वारा डॉ. सविता की देखरेख में Essay Writing तथा Paper Reading Competition का आयोजन किया गया तथा विजयी छात्राओं को पुरस्कार प्रदान किये गए।

वाणिज्य साहित्य परिषद् द्वारा डॉ. रीतू की देखरेख में छात्राओं के लिए Poster Making Competiton तथा Case Study Activity का आायोजन किया गया।

राजनीति विज्ञान परिषद् द्वारा श्रीमती सपना की देखरेख में Quiz,Essay Writing Competition तथा Speech Competition अंतर्राष्ट्रीय मानवाधिकार दिवस पर छात्रओं को लघु फिल्म दिखाई गई तथा सभी छात्राओं व स्टाफ सदस्यों ने संविधान की प्रस्तावना की शपथ ग्रहण की। विभाग की छात्रा ने राष्ट्रीय महिला महाविद्यालय द्वारा आयोजित निबंध लेखन में प्रथम स्थान प्राप्त किया तथा जिला स्तर पर D.C. द्वारा सम्मानित किया गया। विभाग ने 25 जनवरी को मतदाता दिवस मनाया तथा सभी को मतदान के प्रति जागरूकता की शपथ दिलाई।

गणित विभाग द्वारा श्री सतीश की देखरेख में Inter Class Quiz Contest का आयोजन किया गया तथा अंतराष्ट्रीय गणित दिवस मनाया गया जिसके अंतर्गत Poster Making Competition तथा महान गणितज्ञ की उपलब्धियों के बारे में छात्राओं को अवगत कराया गया।

इतिहास विभाग द्वारा डॉ. चन्द्रशेखर के नेतृत्व में Poster Making Competition का आयोजन किया गया तथा श्री सुरेन्द्र कुमार तथा श्रीमती संगीता के नेतृत्व में ऐतिहासिक स्थल कुरूक्षेत्र का छात्राओं द्वारा भ्रमण किया गया। इतिहास विभाग की दो छात्राओं ने UGC NET JRF की परीक्षा पास की तथा दो छात्राओं ने केवल NET की परीक्षा पास की।

रसायन विभाग द्वारा श्री कृष्ण के नेतृत्व में Science Quiz तथा Poster Making competiton का आयोजन किया गया।

संस्कृत विभाग परिषद द्वारा डॉ. मंजीत की देखरेख में विस्तार व्याख्यान का आयोजन किया गया। Youth Festival मे संस्कृत विभाग की छात्रा ने First Position तथा Inter Zonal में Second Position प्राप्त की।

भूगोल विभाग द्वारा डॉ. पदमा दलाल की देखरेख में Poster Making, Slogan Writing प्रतियोगिता आयोजित की गई तथा जल सरंक्षण हेतू शपथ ग्रहण, Signature Campaign व जागरूकता रैली निकाली गई। विभाग द्वारा District Level Science Exhibition में Model प्रस्तुत किया गया जिसमें छात्राओं ने प्रथम स्थान प्राप्त कर महाविद्यालय के गौरव को बढाया। इसके अतिरिक्त State Level Science Exhibition, GC Karnal में छात्राओं ने Model प्रस्तुत कर द्वितीय स्थान प्राप्त किया। कॉलेज स्तर पर Quiz तथा Poster Making On Climate Change पर प्रतियोगिता आयोजित की गई।

## व्यक्तिगत उपलब्धियाँ

1. डॉ० चन्द्रशेखर, इतिहास विभाग ने दो National Seminar में अपने शोध पत्र प्रस्तुत किये। इन्होनें चार International Research Paper प्रकाशित करवाए। इनके निर्देशन में MD University Rohtak के शोधार्थी इतिहास में शोधकार्य कर रहें है। MDU रोहतक के Distance Education Department M.A. History के विद्याथी के लिए इन्होनें Historiography विषय पर अध्ययन सामग्री तैयार की।

2. डॉ० सुनील चौहान ने 2 National Seminar में शोध पत्र प्रस्तुत किये तथा ''The Novels of Chitra Banerjee Divakaruni : An expedition in the female psyche'' नामक पुस्तक प्रकाशित की।

3. डॉ० रामनिवास ने 2 National Seminar में शोध पत्र प्रस्तुत किये।

4. डॉ. मांगेराम ने 2 International Seminar में तथा 2 National Seminar में शोधपत्र प्रस्तुत किये। इन्होनें '' Adopted Physical Education'' से पुस्तक प्रकाशित की। इन्होनें दो International Journal में शोधपत्र प्रस्तुत किये।

5. श्री सतीश कुमार ने 3 National Seminar में शोध पत्र प्रस्तुत किये।

6. डॉ० पदमा दलाल ने 4 National Seminar में शोध पत्र प्रस्तुत किये तथा 3 Research Paper प्रकाशित कराए ।

7. डॉ० प्रीतम श्योरण ने 6 National Seminar तथा 2 International Seminar में शोध पत्र प्रस्तुत किए । इन्होंने अन्तर्राष्ट्रीय शोध पत्रिका में 3 शोध पत्र प्रकाशित करवाए। इन्होनें एक नेशनल सेमिनार में Session Chair किया।

8. डॉ. सविता हुड्डा ने 4 National Seminar ,में शोध पत्र प्रस्तुत किया तथा NSS Camp में विस्तार व्याख्यान दिया। इन्होनें MDU रोहतक से हिन्दीं विषय में Ph.D उपाधि प्राप्त की।

9. डॉ. रितू ने 2 National Seminar में शोधपत्र प्रस्तुत किये तथा राजकीय महिला महाविद्यालय रोहतक में एक विस्तार व्याख्यान दिया। इन्होनें एक Research Paper भी प्रकाशित कराया।

10. कुमारी ममता ने पाँच नेशनल सेमिनार में शोध पत्र प्रस्तुत किये तथा NSS Camp में विस्तार व्याख्यान दिया।

11. श्री कृष्ण कुमार ने 1 National Seminar में शोध पत्र प्रस्तुत किया।

12. श्री सुरेन्द्र ने 1 National Seminar में शोध पत्र प्रस्तुत किया।

13. श्रीमती सुप्रिया ने 3 National Seminar में शोध पत्र प्रस्तुत किये तथा 1 Research Papaer प्रकाशित कराया। इन्होनें Punjab University से भूगोल विषय में Ph.D Thesis Submit कराई।

14. श्रीमती रितू ने 1 National Seminar, तथा 1 International Seminar में शोध पत्र प्रस्तुत किया तथा Ph.D की उपाधि प्राप्त की।

15. श्रीमती प्रीति कुमारी ने 2 राष्ट्रीय वेबीनार व एक अन्तर्राष्ट्रीय सेमीनार में शोध पत्र प्रस्तुत किया।

16. श्रीमती सीमा ने दो अन्तर्राष्ट्रीय संगोष्ठी तथा 3 राष्ट्रीय संगोष्ठी में भाग लिया। उन्होंने 2 सप्ताह की FDP में भाग लिया।

17. श्री दिनेश राणा ने HCS की परीक्षा पास की तथा ETO के पद पर कार्यभार संभाला।

18. डॉ० अनिल कुमार ने दो National Seminar में शोधपत्र प्रस्तुत किये तथा Delhi University से

Refresher Course किया।

19. डॉ० मीनाक्षी ने दो राष्ट्रीय तथा एक अंर्तराष्ट्रीय Seminar में शोधपत्र प्रस्तुत किये इन्होनें दो दिवसीय National Conference में Session Chair किया।

महाविद्यालय के Extension Lecturers डॉ. रश्मि, डॉ. रेखा, डॉ. मीना कुमारी, डॉ. मंजीत, डॉ. इन्दु, डॉ. नीतू, श्रीमती पंकज, श्रीमती यशवंती, डॉ. जगबीर, डॉ. परमजीत, श्रीमती संगीता, श्रीमती नीलम, श्री सतेन्द्र, श्री जसविन्द्र, श्री सुरेश कुमार ने National Educational Policy विषय पर 7 दिवसीय Faculty Development Programme में भाग लेकर Certificate प्राप्त किये।

डॉ. रश्मि ने UGC Net की परीक्षा पास की । डॉ. मंजीत कुमरी ने अखिल भारतीय वेद विज्ञान सम्मेलन में शोधपत्र प्रस्तुत किया तथा Session Chair किया इन्होनें एक National Seminar में पत्र वाचन किया तथा एक पुस्तक का विमोचन कराया। डॉ. जगबीर ने पुस्तक में Article प्रकाशित कराया।

नोट:- महाविद्यालय के सभी प्राध्यापक/प्राधयापकिओं ने उच्चतर शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित National Education Policy पर सात दिवसीय ''Faculty Development Programme'' में भाग लिया तथा Certificate प्राप्त किये।

## महाविद्यालय की आवश्यकताएँ

ग्रामीण आंचल के नवोदित महाविद्यालय में कठिनाईयों एवं आवश्यकता का होना स्वाभाविक है। अतः उन्हीं के निवारण तथा आवश्यकतापूर्ति का उल्लेख करना हमारा दायित्व है। छात्राओं की खेल-कूद के प्रति रूचि एवं उत्साह को देखते हुए एक बहुउद्देशीय जिम्नेजियम हॉल की अत्यंत आवश्यकता है। छात्राओं की बढ़ती हुई संख्या को ध्यान में रखते हुए अध्यापन कार्य हेतु एक नए ब्लॉक के निर्माण की आवश्यकता है। ग्रामीण परिवेश की छात्राओं को उच्चतर शिक्षा का अवसर प्रदान करने के लिए महाविद्यालय में विभिन्न विषयों में स्नातकोत्तर कक्षा आरम्भ करने की आवश्यकता है।

## आभार प्रकटीकरण

आज के इस पावन अवसर पर मैं स्वयं तथा महाविद्यालय परिवार की ओर से यहां उपस्थित सभी माननीय आहुत व्यक्तियों प्रबुद्ध पत्रकार बंधु तथा अन्य प्राध्यापकगण को मैं धन्यवाद देना चाहती हूं जिन्होंने इस पावन एवं मंगल अवसर पर पहुँचकर इसकी शोभा दोगुनी की।

मैं समस्त Editorial Board तथा प्रभारी डॉ. श्रीमती सुनिल चौहान का हार्दिक धन्यवाद करती हूँ जिन्होनें वार्षिक प्रतिवेदन प्रकाशित करने में कड़ी मेहनत की।

मैं अपनी छात्राओं द्वारा किए गए सहयोग के लिए भी धन्यवाद देती हूँ तथा पूर्ण आशा करती हूँ कि भविष्य में भी वे स्वच्छ वातावरण बनाए रखेंगी। समस्त छात्राओं को आगामी वार्षिक परीक्षाओं में मैं आशातीत सफलता की शुभकामनाऐं देती हूँ। मैं अपने समस्त अनुभवी एवं कर्मठ प्राध्यापकवृन्द एवं समस्त कर्मचारीगण का भी धन्यवाद करती हूँ जिनके सहयोग से ही यह वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ।

इन शब्दों के साथ ही मैं पुनः-पुनः आप सबके उज्ज्वल भविष्य की मंगल कामना करती हूँ।

धन्यवाद!

**डॉ॰ श्रीमती इन्दू रोहिल्ला**

एच.ई.एस-1

सर छोटूराम राजकीय महिला महाविद्यालय, साँपला, रोहतक